हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 13 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

भारत ने इस वर्ष मई में ढाई सौ गीगावाट ऊर्जा की मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन के बाद ऊर्जामंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश ने जीवाश्म ईंधन से 200 गीगावाट और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 50 गीगावाट के साथ इस मांग को हासिल किया। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय व्यवहार्यता पर भी चर्चाकी गई। श्री मनोहर लाल ने बताया कि अब तक एक करोड साठ लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं और 20 करोड़ मीटर लगाने का लक्ष्य है।

****

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण- एफएसएसएआई ने ई-कॉमर्स क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ बनाने के लिए परामर्श जारी किया है। प्राधिकरण ने ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों एफबीओ से कहा है कि उपभोक्ताओं को वितरण के समय खाद्य पदार्थों की न्यूनतम सेल्फ लाइफ30 प्रतिशत या उपभोग लायक नहीं रहने से पहले 40 दिन रखी जाए। प्राधिकरण ने ई-कॉमर्स एफबीओ के साथ कल दिल्ली में बैठक की। इस बैठक में दो सौ से अधिक प्रतिभागी शामिलहुए। इस दौरान ई-कॉमर्स एफबीओ के लिए अनुपालन आवश्यकताओं को मजबूत करने पर बल दियागया।प्राधिकरण ने एफबीओ को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बढा-चढा कर किए जा रहे दावों से भीसावधान किया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी कमल वर्धन राव ने कहा कि इसपरामर्श से भ्रामक सूचनाओं से बचा जा सकेगा और सटीक उत्पाद विवरण के उपभोक्ताओं केअधिकार की सुरक्षा होगी। श्री राव ने कहा कि एफएसएसएआई के वैध लाइसेंस या पंजीकरण केबिना कोई भी एफबीओ किसी भी ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर संचालन नहीं कर सकता।

****

15वीं हरियाणा विधानसभा का 25 अक्तूबर को शुरू हुआ सत्र आज फिर शुरू हो गया जो 18 नवंबर तक चलेगा।कल नवनिर्वाचित विधायकों के लिए प्राथमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।आज विधानसभा सत्र की शुरुआत,

राज्यपाल का अभिभाषण सदन के पटल पर रखने के साथ हुई। उसके बाद, पिछली बैठक से लेकर अब तक देह अवसान कर गई प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई।इस सत्र की तीसरी बैठक कल और चौथी बैठक 18 नवंबर को होगी। 15 तारीख़ को गुरु नानक जयंती की छुट्टी और 16 व 17 नवंबर को साप्ताहिक छुट्टियां होने के कारण कोई बैठक नहीं होगी।

****

आज जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में प्रस्तावित छात्र चुनाव को कुलपति डॉ० रणपाल सिंह ने असंवैधानिक बताया और कल पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने की अपील की। जिसके बाद पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। उप कुलपति ने कहा है कि विश्वविद्यालय में चुनाव करवाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। छात्र चाहें तो बाहर कहीं जाकर चुनाव करवा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा प्रदेश के विश्वविद्यालयों में छात्र चुनाव, मुख्यमंत्री बंसी लाल के समय से ही बंद हैं और अभी तक इस सरकार ने भी छात्र चुनाव की इजाज़त नहीं दी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विश्वविधालय की चौकसी के चलते छात्र चुनाव नहीं हो पाया है।

****

हरियाणा, चंडीगढ़ में ठंड ने दस्तक दे दी है। आज हरियाणा के विभिन्न जिलों में कोहरे का प्रकोप रहा जिस से आम जनजीवन प्रभावित हुआ।एक तरफ जहां आम लोग कोहरा पड़ने से असुविधा महसूस कर रहे हैं, वहीं किसान कोहरा पड़ने से काफी खुश हैं। उनका कहना है कि कोहरा, गेहूं की बिजाई में लाभप्रद रहेगा।आकाशवाणी समाचार को जींद में कुछ किसानों ने उन्हें कोहरे से होने वाले फायदों को लेकर बताया:

किसानों का कहना है कि इस से फसल की पैदावार में भी वृद्धि होगी।